दिनांकः 18.11.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

गुलाबी नगरी जयपुर के स्थापना दिवस पर आज शहरभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सुबह गंगापोल दरवाजे पर गणेश पूजन के साथ समारोह की शुरुआत हुई। यहां जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा और महापौर सुनील कोठारी ने पूजा–अर्चना की। इसके बाद गोविंद देवजी मंदिर में विशेष पूजन किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर शहर के ऐतिहासिक दरवाजों और प्रमुख मंदिरों में शहनाई वादन की प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। इससे शहर का पारंपरिक और सांस्कृतिक माहौल उत्सवी रंग में नजर आ रहा है। कार्यक्रमों की कड़ी में शाम पांच बजे स्टैच्यू सर्किल पर महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने संदेश में जयपुर को शौर्य, स्वाभिमान और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं की धरा बताते हुए कहा कि अद्भुत स्थापत्य कला और ऐतिहासिक वैभव के कारण गुलाबी नगरी की विश्वभर में विशिष्ट पहचान है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बधाई देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में जयपुर को भारतीय वास्तुकला, कला और सांस्कृतिक विरासत का अनूठा उदाहरण बताया। श्री बिरला ने हवा महल, सिटी पैलेस, जंतर–मंतर और आमेर किले जैसे स्थलों के ऐतिहासिक महत्व का भी जिक्र किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज दिल्ली दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे केंद्र सरकार के कई मंत्रियों से मुलाकात कर प्रदेश से जुड़े विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ संगठनात्मक विषयों पर भी विचार–विमर्श भी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री का यह दौरा आगामी कार्यक्रमों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गौरतलब है कि 10 दिसंबर को प्रवासी राजस्थान सम्मेलन आयोजित होना है। वहीं, प्रदेश की मौजूदा सरकार के कार्यकाल के तीन वर्ष अगले महीने पूरे होने जा रहे हैं। इस अवसर पर राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रमों और बड़े आयोजनों की भी तैयारी हैं।

राजधानी जयपुर में पहली बार लोकमंथन का पांचवां राष्ट्रीय संस्करण आयोजित किया जाएगा। चार से छह दिसंबर तक होने वाले इस आयोजन की मुख्य थीम **हम भारत के लोग–लोकचेना से विश्व कल्याण की ओर** रखी गई है। उपमुख्यमंत्री और आयोजन समिति की अध्यक्ष दीया कुमारी ने आज जवाहर कला केंद्र में आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने

बताया कि लोकमंथन में देशभर के बुद्धिजीवी, विचारक, साहित्यकार और कलाकार भाग लेंगे। आयोजन में भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं, लोककला, साहित्य और ज्ञान परंपरा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श होगा।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय आज से नई दिल्ली में दो दिवसीय विभागीय शिखर सम्मेलन **समावेशी नीति संकल्प** आयोजित कर रहा है। इस सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इस दौरान प्रमुख नीतिगत प्राथमिकताओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन को मजबूत बनाने पर चर्चा होगी। दो दिन के इस सम्मेलन में चार प्रमुख विषयों पर चर्चा की जाएगी। इनमें नशा–मुक्त भारत के लिए रणनीतियां, **वन नेशन, वन स्कॉलरशिप पोर्टल** के माध्यम से छात्रवृत्तियों तक आसान पहुंच, दिव्यांगता का बोझ कम करने के लिए शुरुआती हस्तक्षेप और **विकसित भारत के लिए सुगम्य भारत** विषय शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मेलन के समापन सत्र में शिरकत करेगें।

मुर्गियों में फ्लू से निपटने के लिए भारत की पहली स्वदेशी **इनएक्टिवेटेड भ्5छ1 2.3.2.1 वैक्सीन** तैयार हो गई है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 20 नवम्बर को इसे देश को समर्पित करेंगे। यह अत्यधिक रोगजनक एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस से बचने के लिए बनाई गई है। यह वैक्सीन भोपाल स्थित आईसीएआर–नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिसीज–निशाद में जारी की जाएगी। इसे भोपाल स्थित आईसीएआर–निशाद ने इसे पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से विकसित किया है। कृषि मंत्रालय ने बताया कि **हाईली पैथोजेनिक एवियन इन्फ्लूएंजा** को आम तौर पर **बर्ड फ्लू** के नाम से जाना जाता है, जो पोल्ट्री को प्रभावित करने वाली गंभीर बीमारी है।